**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देश के समावेशी और सतत विकास के लिए समाज के वंचित व पिछड़े वर्गों के उत्थान पर जोर दिया।**
- **राष्ट्रपति ने छात्रों को सकारात्मक सोच रखते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।**
- **हरियाणा के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के महापौर, प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए हुए चुनाव का परिणाम घोषित किया गया।**
- **भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में बड़ी जीत जीत दर्ज की।**
- **बीजेपी प्रत्याशियों को मिली बड़ी जीत पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बीजेपी नेताओं ने मतदाताओं का आभार जताया।**

**************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देश के समावेशी और सतत विकास के लिए समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि छात्रों में संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना होनी चाहिए। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 72वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा –

उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि पंजाब विश्वविद्यालय विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति के अनुसार नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है। शिक्षा के उद्योग से संबंध पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा---

उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों को सकारात्मक सोच रखनी चाहिए और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए नई तकनीकों से परिचित होना चाहिए।

राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की कि महिलाएँ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं तथा दीक्षांत समारोह में डिग्री और पदक प्राप्त करने वालों में 80 प्रतिशत महिलाएँ हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा की।राष्ट्रपति ने प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. आर.जे. हंस गिल और सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री निवेदिता रघुनाथ भिड़े को मानद उपाधियों से सम्मानित किया। डॉ. आर.जे. हंस गिल को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि तथा सुश्री निवेदिता रघुनाथ भिड़े को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त, कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. गुरतेज सिंह संधू को विज्ञान रत्न, डॉ. हरमोहिंदर सिंह बेदी को साहित्य रत्न, डॉ. पुशविंदर जीत सिंह को उद्योग रत्न और डॉ. जसपिंदर नरूला को कला रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने सु श्री मनु भाकर को खेल रत्न से सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह के दौरान लगभग 812 पीएचडी छात्रों और 70 पदक विजेता छात्रों ने अपनी डिग्री और पदक प्राप्त किए। आज डिग्री प्राप्त करने वालों में 617 महिलाएं शामिल हैं और पदक विजेताओं में 62 महिलाएं थीं।

**************************************************************************

हरियाणा के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के महापौर, प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए पड़े मतों की  गणना का कार्य आज शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की।  सभी नगर निकायों में विजेता प्रत्याशियों को सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जीत का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है।हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने बताया –

उन्होंने बताया कि नगर निगम महापौर पद के लिए मानेसर में निर्दलीय प्रत्याशी डा. इंद्रजीत यादव,,हिसार में भी बी जे पी प्रत्याशी प्रवीन पोपली और काँग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हूडा का गढ़ माने जाते रोहतक में भी बी जे पी प्रत्याशी राम अवतार विजेता रहे। नगर निगम फरीदाबाद में

महापौर पद के लिए बी जे पी  प्रत्याशी प्रवीण जोशी ने बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी लता रानी को 3 लाख 16 हजार 852 वोटों से हराकर जीत दर्ज की।नगर निगम गुरूग्राम में बी जे पी प्रत्याशी राज रानी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी सीमा पाहूजा को 1 लाख 79 हजार 485 वोटों से हरा कर महापौर पद जीता।नगर निगम करनाल में बी जे पी प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी मनोज वधवा को 25359 वोटों से हराकर महापौर बनी । यमुनानगर में महापौर पद की बी जे पी प्रत्याशी सुमन बहमनी विजयी रही।पानीपत में महापौर पद पर भी बीजेपी प्रत्याशी कोमल सैनी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की सविता संजय गर्ग को 1लाख 23 हजार 170 वोटों से हराकर जीत दर्ज की।अम्बाला में महापौर पद के उप-चुनाव में बी जे पी प्रत्याशी शैलजा संदीप सचदेवा ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी अमीशा चावला को 20 हजार 487 वोटों के अंतर से हराया तो सोनीपत में महापौर पद के उप-चुनाव में बी जे पी प्रत्याशी राजीव जैन विजेता रहे। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी कमल दिवान को 34 हजार 749 वोटों से हराया।नगर परिषदो में प्रधान पद के चुनाव परिणाम की जानकारी देते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने बताया  कि अम्बाला सदर में बी जे पी प्रत्याशी स्वर्ण कौर, पटौदी-जटौली मंडी में भी बी जे पी प्रत्याशी प्रवीन ठाकरिया, थानेसर में  बी जे पी प्रत्याशी माफी देवी ने जीत दर्ज की तो सिरसा में बी जे पी प्रत्याशी शान्ति स्वरूप विजयाई रहे।सोहना में प्रधान पद के उप-चुनाव में बी जे पी प्रत्याशी प्रीती विजेता रही।

*************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************************

हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में बी जे पी प्रत्याशियों को मिली बड़ी जीत के लिए  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद नगर निगम में मिली ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा -

फरीदाबाद से लोकसभा सांसद और केन्द्रीय मंत्री कृष्ण  पाल गुर्जर  ने फरीदाबाद की जीत पर कहा -

अंबाला के उपचुनाव में महापौर के पद पर जीत दर्ज करने वाली शैलजा सचदेव ने मतदाताओं का आभार जताया